वर्ष 1987 में सप्लाई किए गए कोयले की गुणवत्ता के बारे में "शिकायतें" प्राप्त हुई हैं ; और

(ख) यदि हां, तो इन शिकायतों का ब्यौरा क्या है तथा मंत्रालय ने इस संबंध में क्या उपाय किए हैं ?

ऊर्जा मंत्रालय में कोयला विभाग में राज्य मंत्री (श्री सी. के. जाफर शरीफ) : (क) और (ख) कोयला कम्पनियों को अहमदाबाद के कपड़ा मिलों से कोयले में चूरे की उच्च प्रतिशतता होने तथा कंकर-पत्थर जैसी फालतू सामग्री का मिश्रण होने के बारे में कुछ शिकायतें मिली हैं ।

कोयला कंपनियों ने कोयले की किस्म के बारे में प्राप्त शिकायतों की जांच कराई है । अन्य शिकायतों के मामलों में अपेक्षानुसार सुधारात्मक कार्रवाई की गई है । उपभोक्ताओं को लदान के समय सामग्री का परीक्षण करने की भी अनुमति दे दी गई है ताकि वे वैगनों के लदान स्थल छोड़ने से पूर्व लदान की गई कोयले की किस्म के बारे में संतुष्टि कर सकें । कोयला कंपनियों का सभी उपभोक्ताओं को प्रेषित किए जाने वाले कोयले की किस्म में सुधार लाए जाने हेतु उपाय करने के निर्देश दे दिए गए हैं ।

Opening of new post offices in Mulund in Bombay

3237. SHRI SUBRAMANIAN SWAMY: Will the Minister of COMMUNICATIONS be pleased to state:

(a) whether it is a 'fact that sometime back Government had admitted that there was a need for opening new post offices a! the (i) P & T Colony Mulund; (ii) Sane Guniji Nagar; Mulund East; (iii) Cheeknaka and (iv) Mithagar; and

(b) if so, what steps are being taken by Government to open these post offi ces?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF COMMUNICATIONS (SHRI GIRIDHAR GOMANGO): (a) Requests have been received for opening of post offices at P&T Colony Mulund and Mithagar. No requests have been received in respect of Sane Guniji Nagar (Mulund East) and Cheeknaka.

(b) The question c»f opening these post offices can be considered only if they ar'e financially viable and satisfy the norms prescribed by this Department. Moreover, efforts made to secure accommodation at reasonable rents for the proposed post offices have not been successful so far.

राजस्थान में केन्द्र सरकार के उपक्रमों में निवेश

3238. **श्री सन्तोष बागड़ोदिया** : क्या **उद्योग** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) 31 मार्च, 1988 तक राजस्थान में केन्द्र सरकार के उपक्रमों में कुल कितना निवेश किया गया है ;

(ख) इन उपक्रमों का वार्षिक उत्पादन लाभ/हानि लेखे तथा इनमें कार्यरत कर्मचारियों की संख्या क्या है; और

(ग) राजस्थान स्थित उन परियोजनाओं का ब्यौरा क्या है जिनमें केन्द्र सरकार नए निवेश करना चाहती है या केन्द्र सरकार की ऐसी कौन-कौन सी परियोजनाएं हैं जो कार्यान्वयनाधीन हैं, ये परियोजनाएं कब तक पूरी हो जाएंगी ।

उद्योग मंत्री (श्री जे. वेंगलराव) : (क) तारीख 31-3-1987, जिस तक के आंकड़े उपलब्ध हैं, को केन्द्रीय सरकारी क्षेत्र के उद्यमों में सकल परिसम्पत्ति के रूप में पूंजी-निवेश 780.95 करोड़ रुपये किया गया है ।

(ख) 31-3-1987 को सरकारी क्षेत्र के जिन उपक्रमों के पंजीकृत कार्यालय राजस्थान में स्थित हैं, में कुल बिक्री के रूप में वार्षिक उत्पादन, लाभ/हानि और कर्मचारियों की संख्या विवरण-1 में दी गई है ।

(ग) सातवीं योजना अवधि (1985-90) के दौरान राजस्थान में केन्द्रीय उप-